# ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

**सत्र 2024-25**

**कक्षा - 6** **सत्र 2 पुनरावृत्ति पत्रक** **विषय : हिंदी**

## अपठित बोध

**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

साहस की जिंदगी रोमांचक होती है। ऐसी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि साहसी व्यक्ति इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोचते हैं। जनता की राय की उपेक्षा करके जीने वाले आदमी दुनिया की असली ताकत होते हैं और दुनिया को प्रकाश भी उसी से मिलता है। अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना साधारण जीव का काम है। क्रांति करने वाले लोग अपने उद्‌देश्य की तुलना किसी और के साथ नहीं करते और न ही वे पड़ोसी की चाल देखकर अपनी चाल को मद्‌धिम बनाते हैं।

क) साहस की जिंदगी कैसी होती है?

i) साधारण ii) रोमांचक iii) नीरस iv) शांत

ख) क्रांति करने वाले लोग अपनी चाल की तुलना किससे नहीं करते?

i) अपने उद्‌देश्य से ii) पड़ोसी की चाल से

iii) समाज के विचार से iv) किसी और के उद्‌देश्य से

ग) इस अंश में क्रांति करने वाले लोग किसे महत्त्व देते हैं?

i) पड़ोसी की राय को　　ii) समाज की आलोचना को

iii) अपने उद्देश्य को　　iv) जनता की सोच को

घ) जीवन की सबसे बड़ी पहचान क्या बताई गई है?

ङ) 'साहसी व्यक्ति' की विशेषताएँ लिखिए।

**व्याकरण**

**प्रश्न 2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**क) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद करें।**

किताब, बंदर, पक्षी, सबक, फूल

**ख) निम्नलिखित शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलिए।**

सुंदर, डरना, कठिन, अच्छा

ग) **निम्नलिखित शब्दों में से रूढ़, यौगिक और योगरूढ़ शब्दों को छाँटकर लिखिए।**

देवानंद, गिरिधर, महल, बैलगाड़ी, लंबोदर, घर

घ) **निम्नलिखित वाक्यों में कर्म के आधार पर क्रिया के भेद बताइए।**

i) राम खाना खा रहा है।

ii) मैंने किताब पढ़ी।

iii) वह दौड़ता है।

iv) सूरज पूर्व में उगता है।

**ङ) दिए गए रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

i) _________________ मनुष्य विश्वास करता है कि ईश्वर हर व्यक्ति के साथ है और <u>नास्तिक</u> मनुष्य ईश्वर के अस्तित्व में विश्वास नहीं करते।

ii) नीता ने _________से नहीं बल्कि प्यार से, मन के पूर्ण <u>अनुराग</u> से उससे प्रार्थना की।

**च) दिए गए वाक्यों में रेखांकित कारक शब्दों का भेद बताइए।**

i) माँ **<u>बच्चे को</u>** सुला रही है।

ii) माँ **<u>बेटे के लिए</u>** सेब लाई ।

iii) **<u>सेना के</u>** जवान आ रहे हैं।

**छ) दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।**

i) नाकों चने चबवाना

ii) मुँह की खाना

iii) बाल बाल बचना

**ज) दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्द रेखांकित कर भेद का नाम बताइए।**

i) वह जल्दी स्कूल पहुँच जाता है।

ii) किसी ने मेरा साथ नहीं दिया।

iii) तुम क्यों परेशान हो?

**झ) दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

पहाड़, हाथ

**ञ) दिए गए वाक्यों में विशेषण शब्द रेखांकित कर भेद का नाम बताइए।**

i) यह सुंदर फूल है।

ii) वह एक बड़ा आदमी है।

iii) हमें कुछ समय मिलेगा।

**ट) दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों का लिंग परिवर्तन करके वाक्य पुनः लिखिए।**

i) वह **नौकर** फल लेकर जाता है।

ii) **पंडित** मन्दिर में पूजा कर रहे हैं।

iii) **माता जी** खाना बना रही हैं।

**ठ) दिए गए शब्दों का बहुवचन रूप लिखिए।**

धेनु, मात्रा, नदी

**ड) दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।**

i) काम से जी चुराने वाला -

ii) तेज बुद्धि वाला -

ढ) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध और मानक रूप लिखिए।

**मुस्किल, चहाता**

ण) निम्नलिखित वाक्य में कर्म के आधार पर क्रिया के भेद का नाम लिखिए।

i) वह गाना गा रहा है।

ii) बच्चा रो रहा है।

त) दिए गए अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।

i) मुझे उसने किताब दी।

ii) पिता जी आया है।

iii) मुझे एक मोती की माला चाहिए।

थ) निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विराम - चिह्नों का प्रयोग कीजिए।

i) सीता गीता और मीता बहनें हैं

ii) क्या तुमने खाना खा लिया

iii) राम ने कहा मानव धर्म ही श्रेष्ठ है

## पाठ्यपुस्तक

### झाँसी की रानी

क) रानी लक्ष्मीबाई को मर्दानी क्यों कहा जाता है?

ख) झाँसी की रानी 'लक्ष्मीबाई' का बचपन का नाम क्या था?

ग) रानी लक्ष्मीबाई के चरित्र की क्या विशेषताएँ थीं?

घ) रानी लक्ष्मीबाई का स्वतंत्रता संग्राम में क्या योगदान था?

### जो देखकर भी नहीं देखते

क) हेलेन केलर की विकलांगता क्या थी?

ख) 'जो देखकर भी नहीं देखते' वाक्यांश का क्या अर्थ है?

ग) हेलेन केलर किन चीजों को छूकर पहचान लेती थी ?

घ) हेलेन केलर के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?

### संसार पुस्तक है

क) 'संसार पुस्तक है' पाठ में लेखक अपनी पुत्री को क्या करने के लिए प्रेरित करते हैं?

ख) 'संसार पुस्तक है' पाठ की विधा क्या है?

ग) गोल चमकीले रोड़े को यदि दरिया आगे और ले जाता तो क्या होता ?

घ) संसार रूपी पुस्तक को पढ़ने से नेहरू जी का क्या अभिप्राय है?

### मैं सबसे छोटी होऊँ

क) 'ऐसी बड़ी न होऊँ मैं' पंक्ति से बालिका क्या अभिप्राय प्रकट करती है?

ख) 'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता का सारांश क्या है?

ग) कविता में 'ऐसी बड़ी न होऊँ मैं' किसके द्वारा रचित है?

घ) बालिका किसका साथ नहीं छोड़ना चाहती ?

## लोकगीत

क) बुंदेलखंड में प्रचलित लोकगीत कौन - कौन से हैं ?

ख) 'बारहमासा' गीत कहाँ गया जाता है?

ग) स्त्रियों द्वारा गाए जाने वाले लोकगीत की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

घ) लोकगीतों की क्या विशेषता है ?

## नौकर

क) आश्रम में प्रतिदिन सुबह गांधी जी क्या काम करते थे?

ख) गांधी जी नौकरों को क्या समझते थे?

ग) दक्षिण अफ्रीका की जेल में गांधी जी ने कौन - सा काम किया ?

घ) गांधी जी को किस बात से ठेस लगी ?

## वन के मार्ग में

क) 'धरि धीर दए' पंक्ति का आशय क्या है?

ख) अपने प्रति राम का प्रेम देखकर सीता जी की क्या दशा हुई?

ग) सीता जी ने बेचैन होकर श्रीराम से क्या बातें कही?

घ) वन के मार्ग में सीता को होने वाली कठिनाइयों के बारे में लिखें ।

## रचनात्मक लेखन

प्रश्न 3. 'आप भला तो जग भला' विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

प्रश्न 4. आपके स्कूल में कुछ छात्रों ने अनुशासनहीनता की है। स्कूल के प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर इस समस्या के बारे में शिकायत दर्ज कीजिए।

प्रश्न 5. मोबाइल फ़ोन से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस विषय पर दो मित्रों के बीच हुई बातचीत का संवाद लेखन लगभग 60 - 80 शब्दों में लिखिए ।

प्रश्न 6. अपनी बहन को कला प्रदर्शनी में पहला पुरस्कार प्राप्त के लिए लगभग 60 - 80 शब्दों में बधाई संदेश लिखिए।

प्रश्न 7. ‘समानता’ विषय पर लगभग 20 - 30 शब्दों में नारा लिखिए।